कार्यालय प्राचार्य
बी.सी.एस. शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, धमतरी (छ.ग.)
Website – www.bcspgcdmt.com
E-mail – pgcollege.dhamtari@gmail.com

NAAC GRADE-'B' | AISHE CODE- C-21763

दूरभाष – 07722–238933
फैक्स – 07722–237933

दिनांक 06/04/2022

# :: सूचना ::

समस्त शैक्षणिक/अशैक्षणिक स्टॉफ को सूचित किया जाता है कि दिनांक **08.04.2022 (शुकवार) को समय 12 बजे से नवीन भवन स्थिति स्मार्ट क्लॉस रूम** में पुस्तक विमोचन एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारियों का सम्मान समारोह कार्यकम आयोजित की गई है। अतः आप सभी अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें।

**टीप :-** **कार्यकम समाप्ति पश्चात् लगभग 2:00 बजे से डॉ.हेमवती ठाकुर व्दारा आयोजित भोज (मुख्य भवन) में आप सभी सादर आमंत्रित है।**

(डॉ.श्रीदेवी चौबे)
प्र.प्राचार्य
बी.सी.एस.शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
जिला-धमतरी (छ.ग.)

# बी.सी.एस. शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, धमतरी

## प्रतिवेदन

## महाविद्यालय में पुस्तक विमोचन एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी सम्मान समारोह का आयोजन

➢ डॉ. हेमवती ठाकुर, सहा.प्राध्यापक ( इतिहास )

बी.सी.एस.शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, धमतरी में दिनांक 08 अप्रैल 2022 को नये भवन के सेमीनार हॉल में इतिहास विभाग की सहायक प्राध्यापक डॉ.हेमवती ठाकुर व्दारा लिखी गई पुस्तक ''नगरी सिहावा अंचल का ऐतिहासिक अनुशीलन प्रारंभ से 2000 ई. तक'' एवं महेन्द्र प्रताप सोम व्दारा लिखित और डॉ. हेमवती ठाकुर द्वारा संपादित कविता संग्रह ''वनांचल की आवाज'' का विमोचन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ.रमेन्द्रनाथ मिश्र पूर्व विभागाध्यक्ष इतिहास अध्ययनशाला पं.रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर रहे। अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ.श्रीमती श्रीदेवी चौबे ने कीं। विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ.सुरेश देशमुख, सेवानिवृत्त प्राध्यापक राजनीति विभांग, डॉ.चन्द्रशेखर चौबे -पूर्व प्राचार्य, श्री घुरऊराम शेष पौत्र स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व.श्री पंचम सिंग, श्री ललित सोम सुपुत्र स्व.महेन्द्र प्रताप सोम एवं डॉ.ए.आर.ठाकुर उपस्थित थे। आमंत्रित अतिथियों के रूप में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के उत्तराधिकारी, श्री लीलंबर शेष (पौत्र, पंचम सिंग), श्री हेमलाल शेष (सुपुत्र स्व.जगत राम) हेमंत ठाकुर, (स्व.श्री दशरथ) श्री कृष्णा बैरागी (स्व. श्री केशवदास), श्री बसंत कुमार नेताम (स्व. श्री रामजी नेताम), श्री राजकुमार (स्व. श्री घसियाराम), श्री रामप्रसाद (स्व. श्री दशरथ) आदि स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के उत्तराधिकारी आमंत्रित अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम का प्रारंभ माँ सरस्वती की पूजा-अर्चना व अंकिता पटेल, अतिथि प्राध्यापक की सुरीली आवाज में माँ सरस्वती वंदना के साथ किया गया।

कार्यक्रम का संचालन करते हुए डॉ.हेमवती ठाकुर स्वलिखित पुस्तक की भूमिका एवं उपयोगिता पर विस्तार से प्रकाश डाला। तत्पश्चात् मुख्य अतिथि डॉ.रमेन्द्रनाथ मिश्र ने अपने उद्‌बोधन में छ.ग.के समग्र इतिहास पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए छ.ग. के शोधकर्ताओं के लिए शोध की आवश्यकता पर जोर दिया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.श्रीदेवी चौबे ने डॉ.हेमवती ठाकुर को इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर बधाई एवं शुभकामना प्रेषित करते हुए देश के समस्त स्वंतत्रता सेनानियों के शहादत को नमन किया। डॉ. सुरेश देशमुख ने स्वंतत्रता आंदोलन की पृष्ठभूमि में कंडेल नहर सत्याग्रह जिला धमतरी के योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। पूर्व प्राचार्य डॉ.चन्द्रशेखर चौवे ने नगरी सिहावा अंचल पर लिखित पुस्तक पर डॉ.हेमवती ठाकुर की प्रशंसा करते हुए उन्हें शुभकामनाएं प्रेपित की। उक्त अवसर पर मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथियों एवं प्राचार्य के द्वारा उक्त दोनों पुस्तकों का विमोचन किया गया। तत्पश्चात् मुख्य अतिथि डॉ.रमेन्द्रनाथ मिश्र एवं समस्त विशिष्ट अतिथियों, प्राचार्य डॉ.श्रीदेवी चौवे को शॉल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया तथा आमंत्रित अतिथि के रूप में उपस्थित स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के उत्तराधिकारियों को शॉल, श्रीफल एवं पुस्तक देकर सम्मानित किया गया।

(डॉ. हेमवती ठाकुर)
सहा.प्राध्यापक, इतिहास
बी.सी.एस.शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
जिला-धमतरी (छ.ग.)

(डॉ.श्रीदेवी चौबे)
प्र.प्राचार्य
वी.सी.एस.शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
जिला-धमतरी (छ.ग.)

RUDRA PUBLICATIONS


# वनांचल की आवाज़

## कविता संग्रह



संपादक

डॉ. (श्रीमती) हेमवती ठाकुर


नगरी-सिहावा अंचल
का ऐतिहासिक अनुशीलन
(प्रारंभ से 2000 ई. तक)
डॉ. (श्रीमती)


बी.सी.एस.शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, धमतरी (छ.ग.)
पुस्तक विमोचन एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानी
उत्तराधिकारी सम्मान समारोह

# पीजी कॉलेज में सम्मान समारोह



धमतरी. शासकीय पीजी कॉलेज धमतरी में नये भवन के सेमीनार हॉल में इतिहास विभाग की सहायक प्राध्यापक डॉ.हेमवती ठाकुर व्दारा लिखी पुस्तक नगरी सिहावा अंचल का ऐतिहासिक अनुशीलन प्रारंभ से 2000 ई तक एवं महेन्द्र प्रताम सोम व्दारा लिखित कविता संग्रह का वनांचल की आवाज का संपादन कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ.रविन्द्रनाथ मिश्र पूर्व विभागाध्यक्ष इतिहास अध्ययनशाला रायपुर रहें एवं अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. श्रीदेवी चौबे की. विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ.सुरेश देशमुख, सेवानिवृत्त प्राध्यापक राजनीति विभाग, डॉ.चन्द्रशेखर चौबे, पूर्व प्राचार्य, घुरउराम शेष पौत्र स्वतंत्रता संग्राम सेनानी व पंचम सिंग, ललित सोम सुपुत्र स्व.महेन्द्र प्रताप सोम एवं डॉ.एआरठाकुर उपस्थित थे. आमंत्रित अतिथियों के रूप में स्वंत्रता संग्राम सेनानियों के उत्तराधिकारी, लीलंबर शेष पौत्र, पंचम सिंग, हेमलाल शेष पुत्र स्व.जगत राम, हेंमत ठाकुर ध्रुव, स्व.दशरथ, कृष्णा बैरागी केशवदास, बसंत कुमार नेताम रामजी नेताम, राजकुमार घसियाराम, रामप्रसाद दशरथ उपस्थित थे. डॉ.हेमवती ठाकुर स्वलिखित पुस्तक की भूमिका एवं उपयोगिता पर विस्तार से प्रकाश डाला. तत्पश्चात मुख्य अतिथि डॉ.रविन्द्रनाथ मिश्र ने अपने उद्बोधन में छग के समग्र इतिहास पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए छग के शोधकर्ताओं के लिए शोध की अवधारणा पर जोर दिया.

प्राचार्य डॉ.श्रीदेवी चैबे ने डॉ.हेमवती ठाकुर को इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर धन्यवाद दिया. डॉ.सुरेश देशमुख ने स्वंतत्रता आंदोलन की पृष्ठिभूमि में ग्राम कंडेल जिला धमतरी के योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला. पूर्व प्राचार्य डॉ.चन्द्रशेखर चौबे ने भी अपनी बात रखी. उक्त अववसर पर महाविद्यालय से डॉ.अनिता राजपुरिया, डॉ.मनदीप खालसा, डॉ.प्रभा वेरूलकर, डॉ.एएससाहू, पीसी चैधरी, डॉ.सोमनाथ उपस्थित थे.

नवभारत न्यूज पेपर दिनांक 11 अप्रैल 2022

दैनिक भास्कर

रायपुर, सोमवार, 11 अप्रैल, 2022 | 11

# कॉलेज में कविता संग्रह 'वनांचल की आवाज' का हुआ विमोचन



धमतरी। कॉलेज में अतिथियों ने पुस्तक का विमोचन किया।

**धमतरी** | बीसीएस पीजी कॉलेज में शुक्रवार को नए भवन के सेमीनार हॉल में इतिहास विभाग की सहायक प्राध्यापक डॉ. हेमवती ठाकुर द्वारा लिखी पुस्तक 'नगरी सिहावा अंचल का ऐतिहासिक अनुशीलन प्रारंभ से 2000 ई तक'' एवं महेन्द्र प्रताम सोम द्वारा लिखित कविता संग्रह का 'वनांचल की आवाज' का संपादन कार्यक्रम किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. रविन्द्रनाथ मिश्र पूर्व विभागाध्यक्ष, इतिहास अध्ययनशाला पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर रहे। अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. श्रीदेवी चौबे ने की। विशिष्ट अतिथि डॉ. सुरेश देशमुख सेवानिवृत्त प्राध्यापक राजनीति विभाग, डॉ. चन्द्रशेखर चौबे, पूर्व प्रांचार्य, घुरउराम शेष पौत्र स्वतंत्रता संग्राम सेनानी वं पंचम सिंग, ललित सोम पिता स्व.महेन्द्र प्रताप सोम एवं डॉ.ए.आर.ठाकुर उपस्थित थे। आमंत्रित अतिथियों में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के उत्तराधिकारी, लीलंबर शेष , पंचम सिंग, हेमलाल शेष, हेंमत ठाकुर ध्रुव, कृष्णा बैरागी , बसंत कुमार नेताम, राजकुमार घसियाराम , रामप्रसाद दशरथ उपस्थित थे। डॉ. हेमवती ठाकुर ने स्वलिखित पुस्तक की भूमिका एवं उपयोगिता पर जानकारी दी। मुख्य अतिथि डॉ. रविन्द्रनाथ मिश्र ने छग के समग्र इतिहास पर जानकारी दी। प्राचार्य डॉ.श्रीदेवी चौबे ने डॉ.हेमवती ठाकुर को इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर धंन्यवाद ज्ञापित किया।